सार-समाचार

राजकीय विद्यालयों की 67 छात्राओं को वितरित की साइकिले

निवाई। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालयों में कक्षा 9 में अध्ययनरत बालिकाओं को साइकिलें वितरित की गई। साईकिलें पाकर छात्राओं में खुशी की लहर दौड गई। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय रजवास में कक्षा 9 की 28 छात्राओं को साईकिलें वितरित की गई एवं वार्षिक परिणाम घोषित किया गया। प्रधानाचार्य रामलाल मीणा ने बताया की कक्षा 10 की छात्रा संजना रैगर का श्रेष्ठ अंक प्राप्त करने पर अध्यापकों एवं ग्रामवासियों ने साफा व माला पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि भगवानसहाय जाट, रामधन मीणा, रमेशकुमार जाट, परीक्षा प्रभारी प्रियंका गुर्जर, राजनीति मीणा, सुनीता वर्मा, हेमराज वर्मा, रवि वर्मा, भवानीशंकर निराला, मोहनलाल निराला, सोहनलाल वर्मा, बाबूलाल जैन, सुमन जैन, मुकेशकुमार विजय, प्रेमप्रकाश शर्मा, सूरज जाट, सीताराम जाट व युगांडा चैधरी सहित कई जनप्रतिनिधि मौजूद थे। इसी प्रकार राजकीय वरिष्ठ उपाध्याय संस्कृत विद्यालय करीरिया में प्रधानाचार्य वेदप्रकाश मिश्र के सानिध्य में कक्षा 9 वीं की 7 छात्राओं को साईकिलें वितरित की गई। साईकिल वितरण प्रभारी मुकेश बैरवा ने बताया कि साईकिल वितरण के पश्चात परीक्षा प्रभारी मुरलीधर यादव ने परीक्षा परिणाम की विधिवत घोषणा की। इस दौरान अभिभावक व शिक्षक बैठक का भी सफल आयोजन किया गया। जिसमें छात्र-छात्राओं की शैक्षिणक प्रगति पर चर्चा की गई। इसी प्रकार राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय चैनपुरा में कक्षा 9 में अध्ययनरत 32 छात्राओं को साईकिलें वितरित की गई ।

रामनवमी पर 14 जोड़ों का रचेंगे विवाह

लालसोट। गौड़ सनाढ्य ब्राह्मण समाज लालसोट के तत्वावधान में आयोजित षष्ठम सामूहिक विवाह सम्मेलन आज रामनवमी के पावन अवसर पर पीएम अशोक शर्मा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय परिसर में भव्य रूप से आयोजित होगा। इस अवसर पर 14 जोड़े परिणय सूत्र में बंधकर सात जन्मों तक साथ निभाने का संकल्प लेंगे। यह आयोजन केवल विवाह नहीं, बल्कि समाज में बढ़ती फिजूलखर्ची, दहेज प्रथा और दिखावे के खिलाफ एक सशक्त संदेश भी है। सामूहिक विवाह के माध्यम से सादगी, समानता और सामाजिक एकता को बढ़ावा दिया जा रहा है । समारोह के दौरान ब्राह्मण समाज की ओर से सामूहिक भोजन का आयोजन किया जाएगा, जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल होंगे और नवदंपतियों को आशीर्वाद देंगे। गौड़ सनाढ्य ब्राह्मण समाज लालसोट के गोविन्द शर्मा बगड़ी ने बताया कि सम्मेलन में शामिल प्रत्येक वर-वधु को समाज की ओर से सम्मान स्वरूप भव्य उपहार दिए जाएंगे। इनमें सोने का मंगलसूत्र, सोने की कान की बाली, सोने की नाक की बाली, चांदी की पायजेब व चिटकी सहित दुल्हन का बेस शामिल है। साथ ही नवदंपतियों को आत्मनिर्भर जीवन की शुरुआत के लिए फ्रिज, कूलर, एलईडी, मिक्सी, प्रेस, डबल बेड (दो गद्दे, दो तकिए, दो कंबल सहित), चौकी, ड्रेसिंग टेबल, टेबल, सेंटर टेबल, दो कुर्सियां, गैस चूल्हा, सिलाई मशीन, प्रेशर कूकर, ओवन एवं आवश्यक रसोई के बर्तन भी भेंट किए जाएंगे । यह सामूहिक विवाह सम्मेलन समाज के लिए एक मिसाल बन रहा है, जहां परंपरा के साथ-साथ आधुनिक सोच का संगम दिखाई दे रहा है और जरूरतमंद परिवारों को नई जिंदगी की मजबूत शुरुआत मिल रही है।

मुख्य सचिव निमराना के दौरे पर आज

कोटपूतली। राजस्थान सरकार के मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास गुरुवार को कोटपूतली-बहरोड़ जिले के निमराना दौरे पर रहेंगे। प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार मुख्य सचिव प्रातः 11 बजे नीमराना पहुंचेंगे। इसके पश्चात प्रातः 11:05 बजे जापानी जोन, 11:30 बजे नाइडेक इंडिया प्राइवेट लिमिटेड तथा दोपहर 12 बजे डाइकिन एयर कंडीशनिंग इंडिया लिमिटेड का दौरा करेंगे।दौरे के दौरान मुख्य सचिव दोपहर 12:45 बजे नीमराणा इंडस्ट्रियल एसोसिएशन के साथ बैठक कर औद्योगिक गतिविधियों एवं व्यवस्थाओं पर बैठक करेंगे। इसके बाद वे जयपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

सहायता स्वीकृत

कोटपुतली। प्रशासक कृषि उपज मंडी समिति कोटपूतली एवं अतिरिक्त जिला कलेक्टर ओमप्रकाश सहारण की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री कृषक साथी सहायता समिति की बैठक बुधवार को मंडी कार्यालय में आयोजित की गई। सचिव कृषि उपज मंडी समिति कोटपूतली रामफूल गुर्जर ने बताया कि बैठक में कुल 05 प्रकरण रखे गये जिसमें 02 प्रकरणों को स्वीकृत किया गया। आवेदक सुनिता देवी निवासी करोली तह-पावटा तथा मन्नी देवी निवासी ढाणी जाटाला, तह-पावटा को 2-2 लाख रूपये की राशि स्वीकृत की गयी।

मेगा पीटीएम का आयोजन

निवाई। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय चनानी में मेगा पीटीएम का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ प्रधानाचार्य सारिका सिंह व उप सरपंच सुमन कंवर द्वारा दीप प्रज्वलित करके किया। समारोह में कक्षा 9 की 23 छात्राओं को उप सरपंच व प्रधानाचार्य ने निःशुल्क साइकिलें वितरित की। प्रधानाचार्या ने प्रवेशोत्सव एवं नामांकन वृद्धि के महत्व की जानकारी देते हुए अभिभावकों से विद्यालय के विकास में पूर्ण सहयोग करने की अपील की।

भजनों पर झूमे श्रद्धालु

किशनगढ़ बास। अलवर भिवाड़ी मार्ग के किशनगढ़ बास बाईपास पर खेतानाथ आश्रम संत शंकर नाथ, ढोकलवास आश्रम के संत सुबेनाथ महाराज के सानिध्य में संकीर्तन का आयोजन किया गया। संकीर्तन के आमंत्रण पर पहुंचे ख्याति प्राप्त प्रसिद्ध भजन गायक गुलाब नाथ ने अपनी अमृतवाणी से सुंदर सुंदर भजनों की प्रस्तुति देकर श्रद्धालु भक्तों को भजनों रसधार से बाघे रखा। यह आयोजन समाज सेवी श्याम प्रेमी दीपू यादव के सौजन्य से किया गया। खाटू वाले श्याम बाबा के भक्त दीपू यादव ने बताया कि रात्रि 8:00 से 12:00 बजे तक प्रतिष्ठान के ऑफिस पर खेतानाथ आश्रम के संत शंकर नाथ महाराज व ढोकलवास आश्रम के संत सुबेनाथ महाराज की उपस्थिति में संकीर्तन का आयोजन रखा गया।

सीवरेज का काम कर रहे मजदूरों पर फायरिंग, 4 घायल

भरतपुर। शहर के मथुरा गेट थाना क्षेत्र में देर रात एक सनसनीखेज मामला सामने आया, जहां एक कॉन्ट्रैक्टर ने अपने साथियों के साथ मिलकर सीवरेज का काम कर रहे मजदूरों पर फायरिंग और मारपीट कर दी। इस घटना में सीवरेज का काम कर रहे ठेकेदार के हाथ में गोली लगी, जबकि तीन अन्य मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना का फुटेज भी सामने आया है, जिसमें पूरी वारदात कैद हुई है।

मथुरा गेट थाना अधिकारी हरलाल ने बताया कि रात करीब 12 बजे जवाहर नगर इलाके में झगडे की सूचना मिली थी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि सीवरेज लाइन का काम कर रहे मजदूरों और प्लॉट नंबर ।-4 के मालिक पुष्पेंद्र सिंह के बीच विवाद हुआ था। जानकारी के अनुसार, जवाहर नगर के भगत सिंह चौराहे के पास सीवरेज का कार्य चल रहा है। मजदूरों ने खुदाई के बाद मिट्टी सडक पर डाल रखी थी। पास ही रहने वाले कॉन्ट्रैक्टर पुष्पेंद्र सिंह ने देर रात मजदूरों से मिट्टी हटाने को कहा। मजदूरों ने रात में काम करने से मना कर दिया। जिस पर विवाद बढ़ गया। आरोप है कि इसके बाद पुष्पेंद्र सिंह उर्फ पीके ने अपने साथियों के साथ मिलकर मजदूरों के साथ मारपीट शुरू कर दी। इतना ही नहीं, आरोपियों ने फायरिंग भी की, जिसमें सीवरेज के ठेकेदार सतीश ठेकेदार के हाथ में गोली लग गई। अन्य तीन मजदूर भी गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनका आरबीएम अस्पताल में इलाज जारी है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी ए क्लास के ठेकेदार पुष्पेंद्र सिंह और उसके साले बिरजू को हिरासत में ले लिया है। और थार गाड़ी को जप्त कर लिया है। वहीं कुछ अन्य आरोपी फरार बताए जा रहे हैं, जिनकी तलाश जारी है। घायल सतीश के बयान के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है।

भरतपुर के मथुरा गेट थाना क्षेत्र में हुई फायरिंग की घटना के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंच जांच की।

■ सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि सीवरेज लाइन का काम कर रहे मजदूरों और प्लॉट नंबर ।-4 के मालिक पुष्पेंद्र सिंह के बीच विवाद हुआ था।

किला हनुमान मंदिर में बालाजी मेले की तैयारियां तेज

पावटा। क्षेत्र के पावटा कस्बा किला ऊपर स्थित हनुमान जी मंदिर में आगामी 01 व 02 अप्रैल 2026 को आयोजित होने वाले बालाजी मेले को लेकर तैयारियां जोरों पर हैं। इसी संदर्भ में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन भीमसिंह चौधरी की अध्यक्षता में किया गया, जिसमें मेला समिति के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। बैठक में निर्णय लिया गया कि 01 अप्रैल की रात्रि में भव्य जागरण का आयोजन किया जाएगा, जिसके लिए प्रसिद्ध गायक कलाकार लव स्टार एंड पार्टी को आमंत्रित किया गया है। इसके साथ ही उसी दिन शाम को बालाजी महाराज की आकर्षक झांकी भी निकाली जाएगी, जो क्षेत्रवासियों के लिए मुख्य आकर्षण का केंद्र रहेगी। मेला समिति ने सर्वसम्मति से हर वर्ष की भांति मंदिर परिसर को भव्य रूप से सजाने का निर्णय लिया है, जिससे श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक माहौल का अनुभव हो सके। वहीं 02 अप्रैल को दोपहर 3 बजे से दंगल एवं धमाल पार्टी का आयोजन किया जाएगा, जिसमें आसपास के क्षेत्रों से पहलवानों व कलाकारों के शामिल होने की संभावना है।मेला आयोजन को लेकर क्षेत्र में उत्साह का माहौल है और बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की उम्मीद जताई जा रही है। इस अवसर पर मेला समिति के प्रमुख पदाधिकारियों में अध्यक्ष भीम सिंह चौधरी, उपाध्यक्ष योगेश सैनी, कोषाध्यक्ष रामनिवास यादव, सचिव नवीन आर्य, दिनेश आर्य,संजय आर्य, हरि सिंह चौधरी, मोहनलाल गढ़वाल, प्रदीप सक्सेना पुजारी महंत अशोक शर्मा व बंटी शर्मा सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

हनुमान जी मंदिर में एक व दो अप्रैल को आयोजित होने वाले बालाजी मेले को लेकर बै ठक आयोजित हुई।

■ एक अप्रैल को भव्य जागरण होगा

ट्रक,बस, टेम्पो भिड़ंत में दो घायल

भांडारेज। राष्ट्रीय राजमार्ग आगरा जयपुर रोड पर भांडारेज मोड़ पर ट्रक, टेम्पो,बस भिड़ंत में दो घायल हो गए। भांडारेज मोड़ पर खड़े टेम्पो के सिकंदरा की ओर से आ रहे ट्रेलर ने टेम्पो के ट्रक ने टक्कर मार दी।

टेम्पो के बाद ट्रेलर ने दौसा की ओर से आ रही रोडवेज बस को टक्कर मार दी। ट्रेलर की टक्कर से दो टेम्पो क्षितठास्त हो गये , ट्रेलर ने दौसा की ओर से आ रही रोडवेज बस को टक्कर मारी जिसमें रोडवेज बस का चालक घायल हो गया। भांडारेज मोड़ पर चार वाहनों की भिड़ंत होने से राष्ट्रीय राजमार्ग पर आंशिक रूप से जाम लग गया। सुचना मिलते ही सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंचकर घायल टेम्पो चालक व रोडवेज चालक को एम्बुलेंस की सहायता से इलाज के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया।

भाजपा कार्यकर्ता से बड़ा कोई नहीं होता : विधायक पटेल

कोटपूतली। राजमार्ग स्थित मोरीजावाला धर्मशाला में भाजपा पूर्व मंडल द्वारा आयोजित पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान के अंतर्गत मंडल प्रशिक्षण आवासीय वर्ग का राष्ट्रगीत एवं द्वीप प्रज्ज्वलन के साथ शुभारम्भ किया गया।

इस मौके पर सत्र की अध्यक्षता करते हुये विधायक हंसराज पटेल ने कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुये कहा कि कार्यकर्ता कभी भी पूर्व नहीं होता, इसलिये कार्यकर्ता से बड़ा कोई नहीं हैं।

उन्होंने कार्यकर्ताओं को भारतीय जनता पार्टी की गौरवशाली विचारधारा, राष्ट्र प्रथम की भावना तथा सेवा-संकल्प के मूल मंत्र से प्रेरित किया। संगठन की मजबूती, कार्यशैली एवं जनसेवा के महत्व पर भी विस्तार से चर्चा की।

वक्ता जिला महामंत्री एड. सुरेंद्र चौधरी ने कार्य विस्तार पर प्रकाश डालते हुये संगठन की मजबूती पर जोर दिया। दूसरे सत्र की अध्यक्षता जिला उपाध्यक्ष जयराम गुर्जर ने की। जबकि इस सत्र के वक्ता जिला कार्यालय प्रभारी एड. अशोक सुरेलिया ने संगठन की कार्यपद्धित पर प्रकाश डालते हुये संगठन की मजबूती एवं कार्यकर्ताओं के बौद्धिक विकास पर चर्चा की।

अगले सत्र की अध्यक्षता राजवीर यादव ने की। जबकि वक्ता पूर्व जिलाध्यक्ष श्याम शर्मा ने वैचारिक अधिष्ठान पर कार्यकर्ताओं को अपने सत्र में भाजपा की पंच निष्ठाओं के बारे में जानकारी दी। अगले सत्र की अध्यक्षता भाजपा ओबीसी मोर्चा के पूर्व प्रदेष महामंत्री एड. हीरालाल रावत ने की। जबकि वक्ता प्रदेश प्रवक्ता पंकज मीणा ने सोशियल मिडिया, एआई, नमो एप तथा सरल एप आदि की जानकारी दी।

इस दौरान मंडल अध्यक्ष राजवीर यादव, विकास डोई, राजाराम कसाणा, देशराज यादव, लीलाराम रावत, रोहिताश चौधरी, पवन सिंह, बंटी यादव, कमलेश छावड़ी, अजय शर्मा, सहीराम कसाणा, गजराज यादव, सुंदर कसाणा आदि कार्यकर्ताओं ने अतिथियों का दुपट्टा पहनाकर एवं माल्यार्पण कर स्वागत किया। संचालन मंडल महामंत्री हंसराज रावत ने किया। राष्ट्रगान के साथ मंडल प्रशिक्षण वर्ग का समापन किया। इस दौरान मंडल पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, मोर्चों एवं प्रकोष्ठों तथा शक्ति केंद्र के पदाधिकारी, बूथ अध्यक्ष आदि मौजूद रहें।

तीये की बैठक

अत्यंत दुख के साथ सूचित किया जाता है कि हमारे आदरणीय पूज्य **श्री किशोर कुमार कलवानी** पुत्र स्व. श्री कन्हैयालाल कलवानी का आकस्मिक निधन दिनांक 23.03.2026 को हो गया है। तीये की बैठक दिनांक 26 मार्च शाम 6 बजे झूलेलाल मंदिर, सिंधी कॉलोनी, सांगानेर में होगी।

शोकाकुल- राधा (पत्नी), मनीष (पुत्र), दीपा-खेमचंद, सुनीता-संजय, लाजवंती-ललित (पुत्री-दामाद), प्रकाश-रेखा (भाई-भाभी), गिरधारीलाल, मनोज, हेमंत, प्रदीप, दिव्यांशु (भतीजा) एवं समस्त कलवानी परिवार।

नम्बर मिलाइए
9587884433

सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

निवाई में सर्व समाज का सामूहिक विवाह सम्मेलन आज

निवाई। श्री श्याम धर्मार्थ सेवा संस्थान के तत्वावधान में रामनवमी पर श्री श्याम मंदिर के समीप स्थित प्रांगण में आयोजित सर्व समाज सामूहिक विवाह सम्मेलन में 10 जोड़े नए जीवन की शुरुआत करेंगे। संस्थान के अध्यक्ष दिलीप इसरानी ने बताया कि संस्थान के तत्वावधान में आठवां सर्व समाज सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। जिसकी सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। उन्होंने बताया कि विवाह सम्मेलन में 10 जोड़े विवाह बंधन में बंधेंगे। इनमें 8 जोड़े हिन्दू व 2 इस्लामी जोड़े शामिल हैं। जिनका विवाह उनके धर्म अनुसार संपन्न होगा। उन्होंने बताया कि हिंदू जोड़ों का विवाह आचार्य पंडित मोहनलाल शास्त्री खण्देवत के निर्देशन में 11 विद्वान पंडितों के सानिध्य मं एवं मुस्लिम जोड़ों का निकाह काजी द्वारा संपन्न करवाया जाएगा। नितिन छाबड़ा ने बताया कि सुबह 10 बजे चिंताहरण गणेश मंदिर से निकासी रवाना होकर विवाह स्थल श्याम मंदिर पहुंचेगी जहां पर तोरण की रस्म अदा की जाएगी। इसके बाद वरमाला का आयोजन होगा। तत्पश्चात पाणिठाहण संस्कार व निकाह संपन्न होगा। इसके बाद आशीर्वाद समारोह आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि वर वधू के लिए अलग-अलग पंडाल की व्यवस्था की गई है। मेहमानों के ठहरने व भोजन के लिए भी विशेष व्यवस्था की गई है। संस्थान के कार्यकर्ता सर्वेश द्विवेदी, रवि अठावाल, भाजपा शहर अध्यक्ष नितिन छाबड़ा, घासी अठावाल, मुरारी अठावाल, विनोद कुमावत, वंश प्रदीप पारीक, शशि टोडवाल, अनिल पारीक सिरस, हरीश गौतम, राकेश शर्मा, आनंद पारीक, अविनाश पारीक, विश्वास पारीक, रवि पारीक, चेतन पारीख व रामचरण विजय सहित संस्थान के कार्यकर्ता व आमजन तैयारी को अंतिम रूप देने में जुटे हुए हैं।

पदाधिकारियों ने निवाई में सामूहिक विवाह सम्मेलन के लिए बनाए गए पांडाल की व्यवस्थाओं का अवलोकन किया।

राजस्थान आवासन मण्डल, वृत्त-प्रथम, प्रताप नगर, जयपुर

क्रमांक-10694 दिनांक-05.03.2026

जाहिर आम-सूचना राजस्थान आवासन मण्डल की प्रताप नगर, सांगानेर योजना में आवास संख्या 66/126 (MIG-A), (एरिया 91.50 वर्गमीटर) प्रताप नगर, सांगानेर का आवंटन सुश्री प्रेम जैन पुत्री श्री के. सी. सिपधी को किया जाकर आवंटन पत्र क्रमांक 268 दिनांक 11.05.2000 एवं संशोधित आवंटन पत्र क्रमांक 11562 दिनांक 28.02.2012 को जारी किया गया। सुश्री प्रेम जैन के पक्ष में उक्त आवास के पंजीयन प्रपत्र दिनांक 16.03.2012 को उप पंजीयक जयपुर-अष्टम के यहां पंजीकृत करवाये गये। सुश्री प्रेम जैन द्वारा उक्त आवास को दिनांक 28.05.2012 के द्वारा श्री दिव्यरत्न चतुर्वेदी पुत्र श्री एम. सी. चतुर्वेदी को विक्रय कर सब रजिस्ट्रार जयपुर पंचम के यहां विक्रय पत्र का पंजीकृत करवाया गया। श्री दिव्यरत्न चतुर्वेदी द्वारा उक्त आवास को दिनांक 22.02.2023 के द्वारा श्रीमती रामभरोसी मीना पत्नी श्री रामकेश मीना को विक्रय कर उप पंजीयक- चतुर्थ, जयपुर के यहां विक्रय पत्र का पंजीकृत करवाया गया। क्रेता/क्रेती श्रीमती रामभरोसी मीना पत्नी श्री रामकेश मीना द्वारा आवासन मण्डल में उक्त आवास के रिकार्ड में अपना नाम दर्ज कराने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। अतः उक्त आवास के हस्तान्तरण बाबत किसी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति हो तो अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में 7 दिवस में अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा यह मानते हुए की मण्डल रिकॉर्ड में नाम दर्ज करने में किसी को कोई आपत्ति नहीं है, श्रीमती रामभरोसी मीना पत्नी श्री रामकेश मीना का नाम मण्डल रिकॉर्ड में दर्ज कर दिया जावेगा।

सम्पदा प्रबन्धक, वृत्त-प्रथम, राज.आवा. मण्डल, जयपुर

कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर

राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 23 के अधीन नोटिस

समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को

मुकदमा नम्बर 31/2026

(नाम, वर्णन तथा निवास स्थान)

चूंकि प्रार्थी श्री अशोक कुमार जैन ने पंजीकृत प्रन्यास श्री दिगम्बर जैन मंदिर ठोलियान घी वालो का रास्ता जयपुर जिसका पंजीयन क्रमांक 267/जयपुर/1966 है के सम्बन्ध में राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 23 के अन्तर्गत प्रपत्र-8 प्रस्तुत किया जिसमें उनके द्वारा प्रन्यास की नवीन कार्यकारिणी का चयन कर स्वयं का बतौर अध्यक्ष तथा श्री राजीव कुमार ठोलीया मंत्री श्री प्रकाश ठोलिया कोषाध्यक्ष, श्री गिरीश जैन मालपुरा वाले सदस्य, श्री छुट्टन कुमार जैन मालपुरा वाले सदस्य, श्री विशाल ठोलीया-उपसभापति, श्री सुरेश ठोलीया-सदस्य, श्री विवेक कुमार जैन मालपुरा वाले-उपमंत्री, श्री आशीष डोडया-सदस्य, श्री जितेन्द्र गोधा-सदस्य, श्री अरूण कुमार ठोलिया-सदस्य, श्री प्रदीप कुमार ठोलीया-सदस्य, श्रीमती शीला जैन डोडया सदस्य, श्री अंकित चांदवाड सदस्य, श्री दर्पण विलाला-सदस्य मनोनीत कर उनके नाम प्रन्यास रिकार्ड में दर्ज अभिलेख किये जाने का निवेदन कर जांच किये जाने के लिए प्रपत्र-8 में आवेदन पत्र दिया है।

अतएवं धारा 23 में प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास में हुये परिवर्तन/संशोधन जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से तीस दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करें।

और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां प्रस्तुत नहीं की गई तो उक्त आवेदन पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।

आज दिनांक 17.03.2026 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।

आइदा तारीख पेशी 22.04.2026

मोहर अदालत

सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर

इत्तलानाम वाते जाहिर करने वजह न जारी होने डिक्री के

(आदेश 21 नियम 22 जाब्ता दीवानी)

मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण जयपुर महानगर-प्रथम जयपुर

कालू राम सैनी बनाम जगदीश व अन्य डिक्री बाबत-क्षतिपूर्ति

मुकदमा नं.Execution Claim/7/2025

बनाम-(1) जगदीश पुत्र नामालूम निवासी खानिया, घाटगेट आगरा रोड, जयपुर-302003

(2) रामगोपाल मीणा पुत्र श्री पीपा राम मीणा निवासी नांगल सुसावतान आमेर, जयपुर-302028

चूंकि-प्रार्थी ने डिक्री अदालत प्रकरण संख्या 347/1994 उनवानी कालू राम सैनी बनाम जगदीश व अन्य में पारित आदेश दिनांकित 10.09.2018 को इजराय के लिए दरख्वात पेश की है इसलिए आपको इत्तला दी जाती है कि आप इस अदालत में दिनांक 30.03.2026 को हाजिर होकर अगर कोई उज्र वास्ते आपके खिलाफ इजराय किये जाने डिक्री रखते हो तो पेश करें।

आज व दिनांक 23.03.2026 व शब्द मेरे दस्तखत मुहर अदालत के जारी किया गया।

सहायक रजिस्ट्रार मोटर दुर्घटना न्यायाधिकरण जयपुर

मोहर अदालत

खोया पाया

मेरा मकान सं. 63/44 प्रताप नगर, सांगानेर जयपुर का मूल आवंटन पत्र व कार्यालय आदेश कहीं गुम हो गया है। मिलने पर सम्पर्क करें-अगम शरण माली-9414787645

मेरे आवास संख्या 251/63 प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर का मूल आरक्षण पत्र एवं लीज मुक्ति प्रमाण पत्र की मूल प्रति कहीं गिर/गुम हो गये है मिलने पर सूचित करें-अश्वनी जैन मो.8955693100

उद्घोषणा (इश्तिहार) न्यायालय (राज.)

व्यवहार मिश्रित (मुत्तफरिक) वाद सं. 09/2026

विषय- उत्तराधिकार प्रमाण-पत्र प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन प्राप्त करने हेतु प्रार्थना-पत्र।

प्रार्थी का नाम अमीन पुत्र पीरू खां जाति...निवासी नरैना जिला जयपुर

मृतक पीरू खां की सम्पत्ति के विषय में।

पेशी दिनांक- 20.05.2026

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त प्रार्थी/प्रार्थीगण ने इस न्यायालय में इस आशय का प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है कि मृतक, नाम पीरू खां का उत्तराधिकारी स्वीकार कर उसके पक्ष में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र, प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन, प्रदान किया जावें।

अतः उक्त प्रार्थना-पत्र की स्वीकृति में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह इस न्यायालय में दिनांक 20 माह 05 सन् 2026 उपस्थित न्यायालय होकर आपत्ति प्रमाण सहित प्रस्तुत करें। उक्त दिवस के पश्चात् कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

आज दिनांक 25 माह 03 सन् 2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुद्रांकन से जारी किया गया।

मोहर अदालत

आज्ञा से-रीडर जिला एवं सैंशन न्यायाधीश क्रम 01 सांभर लेक, जिला जयपुर

प्रपत्र संख्या 7 (देखिये नियम 21)

कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर

राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस

समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को

मुकदमा नम्बर DEV/JAIPUR-I/TRUST/2026/1912

चूंकि प्रार्थी श्री LAXMI NIWAS BANGUR P.NO. 28 GOMS DEFENCE COLONY 8-AVENUE, VAISHALI NAGAR, JAIPUR ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17 (1) के अन्तर्गत प्रन्यास जगन्नाथ रतनलाल बांगड ट्रस्ट B-21, 22, GODOWN INDUSTRIAL AREA, JAIPUR के सम्बन्ध में अग्रिम जांच किये जाने के लिए आवेदन-पत्र दिया है।

अतएव धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए, यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करे।

और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां नहीं की गई तो उक्त आवेदन-पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।

आज दिनांक 24.03.2026 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।

आइदा तारीख पेशी 02.06.2026

मोहर अदालत

सहायक आयुक्त देवस्थान विभाग, जयपुर-प्रथम

आम सूचना सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्यगण रमजान खान पुत्र श्री गोदन खान एवं सफेदी बानो पत्नी रमजान खान निवासीगण बी-400, संजय नगर भट्ठा बस्ती, जयपुर के हमारे पुत्र सलीम खान व पुत्रवधु सोनम बानो हमारे कहने में नहीं है तथा मेरे अभिभाष्यगण के साथ गाली गलौच कर मारपीट एवं अभद्र व्यवहार करते है इसलिये मेरे अभिभाष्यगण ने अपने पुत्र व पुत्रवधु को अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। अगर भविष्य में उक्त दोनों से कोई भी व्यक्ति संव्यवहार लेन देन करता है तो उसकी जिम्मेदारी उसकी स्वयं की होगी। मेरे अभिभाष्यगण को उक्त लेन देन एवं संव्यवहार से किसी भी प्रकार का कोई लेना देना नहीं होगा। सूचित रहे।

(रामप्रसाद सिकंदर) एडवोकेट, मो. 9828335957

आम सूचना सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी अभिभाष्या माया देवी पत्नी स्व. श्री रमेश, जाति रैगर, निवासी-ए-6 सुमन विहार थावास, जयपुर के द्वारा खसरा नम्बर 451/771 रकबा 6 बीघा 7 बिस्वा मे 1/2 हिस्सा ग्राम बिन्दायका, तहसील व जिला जयपुर को ना तो कभी अपने जीवनकाल मे दिनांक 27.10.2005 को या उससे पहले या उसके पश्चात ना तो खरीद किया है और ना ही उसके पश्चात ना ही दिनांक 17.07.2006 को किसी को बेचान किया है। उक्त खसरा को ना तो ऐसे किसी खरीद व बेचान के बाबत रूपयो प्राप्त किया गया ना ही कब्जा प्राप्त किया गया है ना ही कब्जा दिया गया है जब उक्त सम्पत्ति पर मेरी अभिभाष्या का कोई अधिकार ही नहीं है तो ऐसा कोई भी संव्यवहार मेरी अभिभाष्या द्वारा किये जाने का कोई औचित्य नहीं है। मेरी अभिभाष्या के नाम से अगर कोई भी रजिस्टर्ड या अनरजिस्टर्ड दस्तावेज (इकरारनामा, मुख्त्यारनामा, विक्रय पत्र, कब्जा पत्र, वसीयत, हक त्याग इत्यादि) इस सम्पत्ति बाबत अगर निष्पादित है तो वे सब धोखे से करवाये गये हैं। इन दस्तावेजों को व इनसे उत्पन्न सभी प्रकार के हक व अधिकारों को मेरी अभिभाष्या सीरे से खारिज करती है और ऐसे दस्तावेज के अस्तित्व को निरस्त करती है। वह सभी दस्तावेज शून्य समझे जावे। उन दस्तावेजात के सम्बन्ध में उनके आधार पर कोई भी व्यक्ति या संस्था कोई भी कार्यवाही नहीं करे, यदि कोई व्यक्ति संस्था कार्यवाही करता है तो उसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी स्वयं की होगी। सूचित रहे।

इस्लाम खान, एडवोकेट, मो. 7976457730

आम सूचना सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एक प्लाट नम्बर ए-4, श्री गणपति नगर, ग्राम रामसिंहपुरा बास, सांगानेर, जयपुर राजस्थान में स्थित है। यह कि जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर ने उक्त वर्णित सम्पूर्ण प्लाट नम्बर ए-4, श्री गणपति नगर, ग्राम रामसिंहपुरा बास, सांगानेर, जयपुर, राजस्थान (कुल क्षेत्रफल 200 वर्गगज) का पट्टा विलेख क्रमांक 22 दिनांक 25.02.2014 श्री प्रेम शंकर सुमन पुत्र स्वर्गीय श